University in News on 15 December 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

25 दिसंबर से 5 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश

लविवि

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और सभी संबद्ध जिलों के सहयुक्त कॉलेजों में 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक शीत कालीन अवकाश घोषित किया गया है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को पत्र जारी करते हुए इसकी जानकारी दी। इस अवधि में विवि व सभी सहयुक्त महाविद्यालयों में लिखित, मौखिक, प्रायोगिक परीक्षाएं होती रहेंगी। विभागाध्यक्ष, प्राचार्यों की अनुमति से ही शिक्षक मुख्यालय छोड़ सकेंगे। (संवाद)

एमबीए, बीएड का परीक्षा कार्यक्रम घोषित

लखनऊ। लविवि ने विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के क्रम में बृहस्पतिवार को एमबीए व बीएड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं का घोषित कर दिया। परीक्षार्थी विवि की वेबसाइट विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं। किसी तरह की समस्या होने पर विभागाध्यक्ष और परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

प्रो. शीला मिश्रा बनीं डीन साइंस

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने बृहस्पतिवार को सांख्यिकी विभाग की प्रो. शीला मिश्रा को डीन साइंस की जिम्मेदारी सौंपी। वह अगले तीन वर्ष या सेवानिवृत्ति तक इस पद पर बनी रहेंगी। अध्यक्ष विज्ञान संकाय प्रो. विभूति राय के सेवानिवृत्ति की आयु पूरी होने के बाद यह फैसला किया गया। हालांकि प्रो. विभूति को जून तक सत्र लाभ मिलेगा जिसमें वह विभाग में बतौर शिक्षक सेवाएं दे सकेंगे। (संवाद)

प्रो. रश्मि रेखा एमआईएच की हेड : कुलपति ने प्रो. रश्मि रेखा को एमआईएच विभाग का नया विभागाध्यक्ष नियुक्त किया है। वह 15 दिसंबर 2023 से अगले तीन वर्षों या अग्रिम आदेशों तक पद पर बनी रहेंगी। कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने पत्र जारी करते हुए यह जानकारी दी।

NBT PAGE 6

एमबीए और बीएड का परीक्षा शेड्यूल जारी

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमवीए और वीएड परीक्षा का शेड्यूल गुरुवार जारी कर दिया। विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि एमवीए फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षाएं 6 जनवरी 2024 से होंगी। एमवीए थर्ड सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 दिसंबर से आयोजित की जाएंगी। वीएड थर्ड सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 दिसंबर से शुरू होंगी। स्टूडेंट्स अपनी पूरी स्कीम को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

HINDUSTAN PAGE 6

बीएड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 26 और एमबीए की 21 से होंगी

एलयू

06 जनवरी से होंगी एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं **02** पालियों में किया जाएगा परीक्षाओं का संचालन

■ एलयू ने बीएड और एमबीए का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया

■ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम अपलोड किया

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं जारी हैं। कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम लगातार जारी किया जा रहा है। गुरुवार को बीएड और एमबीए का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया। विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि बीएड थर्ड सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 दिसंबर से शुरू होंगी और एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 6 जनवरी से होंगी। जबकि एमबीए थर्ड सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 दिसंबर से शुरू होंगी।

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम अपलोड कर दिया है। बीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 26 से 30 दिसम्बर तक दोपहर की पाली में दो से पांच बजे तक होगी। 26 दिसम्बर को मेजरमेंट एण्ड एवालुशन इन एजुकेशन का प्रथम प्रश्न पत्र, 28 दिसम्बर को थियोरेटिकल फाउण्डेशन ऑफ करिकुलम का द्वितीय पेपर एवं 30 दिसम्बर को गाइडेंस एण्ड काउंसलिंग विषय का तृतीय प्रश्न पत्र होगा। वहीं एमएबीए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 21 दिसम्बर से चार जनवरी तक दोपहर दो से पांच बजे की पाली में होगी। एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा छह जनवरी से 18 जनवरी तक दो से पांच बजे की पाली में होगी। छात्र-छात्राएं विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

729 ने छोड़ी परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर की परीक्षा जारी है। गुरुवार को दो पालियों में 729 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए 34521 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे।

एमएससी छात्रों की इंटर्नशिप शुरू

एमएससी रसायन विज्ञान और एमएससी फार्मास्युटिकल तीसरे सेमेस्टर के छात्रों की इंटर्नशिप गुरुवार से शुरू हुई।

पांच जनवरी तक शीतकालीन अवकाश

लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार शीतकालीन अवकाश की की तिथियां जारी कर दी गई। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक लखनऊ विश्वविद्यालय में शीतकालीन अवकाश रहेगा। इस बीच कक्षाओं का संचालन नहीं किया जाएगा। जानकारी के अनुसार इस बीच विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में परीक्षा व अन्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रम चलते रहेंगे। वहीं जानकारी के अनुसार बता दें कि इस बीच शिक्षण कार्य पूरी तरह से बंद रहेगा।

शोधकर्ता ने प्लाज्मा विज्ञान पर रखे विचार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में ऑनलाइन 16वें अंतरराष्ट्रीय प्लाज्मा विज्ञान और अनुप्रयोग के समापन पर गुरुवार को 65 शोधकर्ताओं को पुरस्कृत किया गया। अगले सम्मेलन की जिम्मेदारी मलेशिया को सौंपी गई।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर ली सिंग, ऑस्ट्रेलिया के इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा फोकस स्टडीज के निदेशक थे। भौतिक विभाग के हेड, प्रो. एनके पाण्डेय ने सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला और प्लाज्मा विज्ञान क्षेत्र को आगे बढ़ाने में समर्पित प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। संचालन एसोसिएट प्रो. डॉ. पुनीत ने किया।

AMRIT VICHAR PAGE 4

शोध कार्यक्रम से जुड़े लविवि के 31 छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अध्ययन

● भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान में शुरू हुई इंटर्नशिप

अमृत विचार : लविवि के 31 छात्र भारतीय विज्ञान अनुसंधान स्थान में कौशल विकास कार्यक्रम के तहत नए शोध के लिए जुड़ गए हैं। इन्हें इंस्ट्रमेंटेशन और रासायनिक विश्लेषण पर कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मानक तैयारी का प्रदर्शन, मास स्पेक्ट्रोमीटर, परमाणु प्रतिदीप्ति स्पेक्ट्रोस्कोपी, गैस क्रोमैटोग्राफी, यूवी दृश्यमान आदि जैसे विभिन्न उपकरणों का दौरा और प्रदर्शन शामिल किया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन वैज्ञानिकों ने बिन्दुवार जानकारियां साझा की हैं।

भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश कुमार यादव ने प्रशिक्षण के पहले दिन कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया। फिर विशेष कार्यक्रमों को लेकर क्रमवार जानकारी दी। बौद्धिक संपदा अधिकारों और दस्तावेजीकरण के महत्व और उपलब्ध गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों एवं अन्य बातों के बारे में भी सिखाया। कार्यक्रम में लखनऊ विवि के रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अनिल मिश्रा शामिल हुए। इन्होंने प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया और छात्रों से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने को कहा। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिक और लविवि के 31 शोधार्थी उपस्थित रहे। बता दें कि एमएससी रसायन विज्ञान और एमएससी फार्मास्युटिकल रसायन विज्ञान के सेमेस्टर तृतीय के इकतीस छात्रों के तीसरे बैच ने भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर) में अपना इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम उनके सेमेस्टर आईआईआई पाठ्यक्रम का हिस्सा है।

प्लाज्मा विज्ञान के सहारे नापीं भौतिक दूरियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विवि में 16वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें प्रमुख वैज्ञानिकों 65 शोधकर्ताओं ने भाग लिया। प्लाज्मा विज्ञान के सहारे भौतिक दूरियों को समायोजित करते हुए विस्तार से चर्चा भी की गई।

लविवि में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन ऑस्ट्रेलिया के इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा फोकस स्टडीज के निदेशक प्रोफेसर ली सिंग द्वारा किया गया। सम्मेलन में शामिल 65 उन्नत शोधकर्ताओं द्वारा विद्यमान होने वाले मौखिक प्रस्तुतियों का प्रदर्शन हुआ। इनमें कटिंग-एज काम और प्लाज्मा विज्ञान में प्रगति को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सम्मिलित की गईं प्रस्तुतियों का एक विशिष्ट पैनल के विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन का चयन उनके योगदान की गुणवत्ता और प्रभाव के आधार पर किया गया।

प्रमुख अतिथि के रूप में प्रोफेसर राजदीप रावत का सिंगापुर के नेयंग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (एनटीयू) के एक प्रमुख व्यक्ति ने स्वागत किया। कार्यक्रम में जर्मनी से माइकल बोनिट्स, बेल्जियम से स्टेफन पोड्डस, गुरु नानक देव विवि (जीएनडीयू) से एनएस सैनी, स्पेन से आंतवां ब्रेट और दक्षिण कोरिया से वूसुक बैंग शामिल हुए।

JAGRAN CITY PAGE III

सम्मेलन में विजेताओं को किया गया सम्मानित

जारसं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से आनलाइन माध्यम से आयोजित तीन दिवसीय 16वें अंतरराष्ट्रीय प्लाज्मा विज्ञान और अनुप्रयोग सम्मेलन का समापन गुरुवार को हुआ। इसमें विश्व भर के प्रमुख वैज्ञानिक और शोधकर्ता ने अपने विशेषज्ञता और दृष्टिकोण साझा किया।

सम्मेलन में लगभग 65 शोधकर्ताओं ने मौखिक रूप से प्लाज्मा विज्ञान में प्रगति को प्रदर्शित किया। विशिष्ट पैनल के विशेषज्ञों ने इसका मूल्यांकन कर उत्कृष्ट विजेताओं का चयन किया। इसमें विशाखा बेंडे, सुरेश बस्नेत, याओ इंग वांग, रिमली सैकिया, हांग गुओ फेंग आदि शामिल हैं। उनकी अद्वितीय प्रस्तुतियों के लिए प्रमाणपत्र से सम्मानित किया।

डा. पुनीत कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय प्लाज्मा विज्ञान और अनुप्रयोग के 17वें संस्करण के आयोजन की जिम्मेदारी मलेशिया को सौंपी जाएगी। आगामी सम्मेलन का अध्यक्ष मलया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस.एल. यैप होंगे। सम्मेलन में भौतिक विज्ञान विभाग के हेड प्रो. एनके पांडेय, एसोसिएट प्रोफेसर डा. ज्योत्सना सिंह भी शामिल हुए।

प्रो. शीला मिश्रा बनीं विज्ञान संकाय की अध्यक्ष

प्रो. शीला मिश्रा को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बधाई दी ● लवि

जारसं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग की प्रोफेसर शीला मिश्रा को विज्ञान संकाय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षता आयु पूरी होने या अन्य कोई आदेश होने तक मान्य होगा।

कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रो. शीला मिश्रा को शुभकामनाएं दीं। प्रो. शीला ने कहा कि विज्ञान समुदाय, समाज और उद्योग से जुड़कर आगे बढ़े, इस दिशा में काम किया जाएगा। वहीं, दूसरी ओर प्रो. रश्मि रेखा को एमआइएच विभाग के विभागाध्यक्ष पद का दायित्व भी सौंपा गया है। उनका कार्यकाल 15 दिसंबर से तीन वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षता आयु पूरी होने या अन्य कोई आदेश होने तक स्वीकृति दी गई है।

विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान में लवि के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप शुरू

जारसं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के एम.एससी. रसायन विज्ञान और एम.एससी. फार्मास्युटिकल रसायन विज्ञान के तीसरे सेमेस्टर के 31 छात्र-छात्राओं के तीसरे बैच की इंटर्नशिप गुरुवार को भारतीय विष अनुसंधान संस्थान (आइआइटीआर) शुरू हो गई। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम उनके पाठ्यक्रम का हिस्सा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आइआइटीआर के प्रमुख वैज्ञानिक डा. रवि राम ने किया।

डा. रचना कुमार ने प्रतिभागियों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। लवि के रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने बताया कि इन सभी छात्र-छात्राओं को सीएसआइआर एकीकृत कौशल विकास पहल में शामिल किया गया है, जहां उन्हें विभिन्न व्यापक क्षेत्रों मुख्य रूप से इंस्ट्रुमेंटेशन और रासायनिक विश्लेषण पर कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त होगा। इस प्रशिक्षण में मानक तैयारी का प्रदर्शन, मास स्पेक्ट्रोमीटर, परमाणु प्रतिदीप्ति स्पेक्ट्रोस्कोपी, गैस क्रोमैटोग्राफी, यूवी दृश्यमान आदि जैसे विभिन्न उपकरणों का दौरा और प्रदर्शन शामिल होगा।

इंटर्नशिप के लिए आइआइटीआर पहुंचे लवि के एम.एससी. तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थी ● लवि

प्लाज्मा विज्ञान का हुआ समापन

16वीं अंतरराष्ट्रीय प्लाज्मा विज्ञान और अनुप्रयोग सम्मेलन का गुरुवार को समापन हो गया. यह सम्मेलन 12 दिसंबर से शुरू हुआ था. इसमें प्रमुख वैज्ञानिक और शोधकर्ता ने अपने विशेषज्ञता पर चर्चा की. सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि, प्रो. ली सिंग, ऑस्ट्रेलिया के इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा फोकस स्टडीज के निदेशक ने की. प्रमुख अतिथि के रूप में प्रो. राजदीप रावत, सिंगापुर के नेयंग टेकनोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, एलयू के भौतिक विभाग के हेड, प्रो. एनके पांडेय ने प्लाज्मा विज्ञान के बारे में जानकारी दी.

i-NEXT PAGE 5

एमबीए विषम सेमेस्टर के एग्जाम 21 से

LUCKNOW(14 Dec): एलयू में एमबीए फर्स्ट व थर्ड सेमेस्टर के एग्जाम की डेटशीट जारी कर दी गई है. एग्जाम 21 दिसंबर से 4 जनवरी तक होंगे. एमबीए फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम 6 जनवरी से 18 जनवरी तक चलेंगे.

वहीं, एलयू एमआईएच विभाग की विभागाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी प्रो. रश्मि रेखा को मिली है. उनको तीन साल के लिए कुलपति ने यह जिम्मेदारी दी है. साइंस फैकल्टी की डीन डॉ शीला मिश्रा को बनाया गया है. वह सांख्यिकी विभाग में प्रोफेसर के पद पर तैनात हैं.

उधर, एलयू के प्राणि विज्ञान विभाग, वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट में स्थित एनविस सेंटर संग मिलकर पद्मश्री उमाशंकर पांडे जल योद्धा, वीसी प्रो. आलोक कुमार राय और वन्य जीव चैंपियन प्रो. अमिता कनौजिया के नेतृत्व में शुक्रवार को वॉक फॉर वॉटर कार्यक्रम की शुरुआत होगी. शिवाजी क्रीड़ागन एलयू से गोमती नदी तट तक प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. रवि कुमार सिंह, आईपीएस भी मौजूद रहेंगे.

PIONEER PAGE 3

लविवि में दस दिन का शीत अवकाश घोषित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

ठंड के मौसम को देखते हुए लखनऊ विवि की तरफ से गुरुवार को 25 दिसंबर 2023 से 5 जनवरी 2024 तक दस दिन का शीत अवकाश घोषित किया गया है। विवि के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि शीत अवकाश की अवधि में संचालित परीक्षाओं को देखते हुए शिक्षक विभागाध्यक्ष/प्राचार्या की अनुमति से मुख्यालय छोड़ेंगे।

16वीं अंतरराष्ट्रीय प्लाज्मा विज्ञान और अनुप्रयोग सम्मेलन का समापन

16वीं अंतरराष्ट्रीय प्लाज्मा विज्ञान और अनुप्रयोग सम्मेलन का सफल समापन हुआ है। यह सम्मेलन वर्चुअल रूप से 12 दिसंबर से 14 दिसंबर तक आयोजित हुआ, जिसमें विश्वभर के प्रमुख वैज्ञानिक और शोधकर्ता ने अपने विशेषज्ञता और दृष्टिकोण साझा किया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर ली सिंग ऑस्ट्रेलिया के इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा फोकस स्टडीज के निदेशक द्वारा किया गया था। प्रमुख अतिथि के रूप में प्रोफेसर राजदीप रावत, सिंगापुर के नेयंग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी का स्वागत किया गया। प्रोफेसर रावत का परिचय ने सम्मेलन को एक बौद्धिक रूप में उत्तेजक अनुभव बनाया, जिसमें सभी उपस्थित वैज्ञानिकों को यहां विद्या विकास में योगदान करने के लिए कृतज्ञता व्यक्त की गई। उद्घाटन सत्र को लविवि के भौतिक विभाग के हेड प्रोफेसर एनके पाण्डेय ने संबोधित किया, जिन्होंने सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला और उन सभी प्रतिभागियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जो प्लाज्मा विज्ञान क्षेत्र को आगे बढ़ाने में अपनी प्रतिबद्धता के लिए समर्पित थे। सम्मेलन का संचालन लखनऊ विवि के भौतिक विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पुनीत कुमार ने किया, जिसने वैज्ञानिक आदान-प्रदान में और प्लाज्मा विज्ञान के डायनेमिक क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान किया। ऑनलाइन माध्यम ने भौतिक दूरीओं के बावजूद प्रतिभागियों की अर्थपूर्ण चर्चाओं में शामिल होने की संभावना प्रदान की।

प्रो. शीला मिश्रा बनी डीन साइंस

विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सांख्यिकी विभाग की प्रो. शीला मिश्रा को डीन साइंस नियुक्त किया है। प्रो. मिश्रा की नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि या अधिवर्षिता आयु पूरी करने तक के लिए की गयी है।

एमआईएच की विभागाध्यक्ष बनी प्रो. रश्मि रेखा

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रो. रश्मि रेखा को एमआईएच विभाग के विभागाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। प्रो. रेखा की नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि या अधिवर्षिता आयु पूरी करने तक के लिए की गयी है।

34,521 छात्रों ने दी लविवि की परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊः 34521 छात्र लखनऊ विवि में आयोजित दो पालियों में शामिल हुए। कुल परीक्षाओं में 729 छात्र अनुपस्थित रहे। आयोजन के दौरान सघल दस्ते की नजर दोनों पालियों पर रही, वीडियोग्राफी भी कराई गई। 12 दिसंबर से विवि में परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। गुरुवार को भी दो पालियों में परीक्षा का आयोजन हुआ। पहली पाली में 12843 छात्र शामिल हुए। छात्राओं की संख्या 12196 रही। इस तरह पहली पाली में कुल छात्र 25039 सम्मिलित हुए। सायं पाली में छात्रों का आंकड़ा 4630 रहा, वहीं छात्राओं की संख्या 4852 रही। कुल 9482 छात्र शामिल हुए। दोनों पालियों में छात्रों की संख्या 17473 रहीं। 17048 सम्मिलित हुईं। कुल 34521 छात्रों ने कुल दोनों पालियों में अपनी परीक्षाएं दीं। अनुपस्थित छात्रों की संख्या 729 रही। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि सघल दस्ते द्वारा परीक्षा की दोनों पालियों में चेकिंग अभियान भी चलाया गया। वीडियोग्राफी भी कराई गई।

जूम मीटिंग से जुड़ेंगे विवि से संबद्ध महाविद्यालय

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ विवि से संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य जूम मीटिंग से जुड़ेंगे। शुक्रवार तीन बजे से होने वाली बैठक में परीक्षा संबंधी मामलों का फीडबैक लिया जाएगा। ऐसे में कुल सचिव की ओर से विशेष दिशा निर्देश जारी किये गए हैं। बता दें कि विवि से संबद्ध महाविद्यालय लखनऊ के अलावा सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुर खीरी जनपदों में स्थित हैं।

विज्ञान संकाय की संकायाध्यक्ष बनीं प्रो. शीला

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विवि की प्रोफेसर डॉ. शीला मिश्रा को प्रोन्नत किया गया है। अब तक प्रोफेसर रहीं डॉ. शीला मिश्रा प्रोन्नति पाकर विज्ञान संकाय की संकायाध्यक्ष बनाई गई हैं। ये आदेश कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के दिशा निर्देश पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह द्वारा जारी किया गया है। इनके दायित्वों की अवधि तीन वर्ष अथवा उससे अधिक भी सुनिश्चित की गई है।

शुरू होगा जलयोद्धा कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विवि का प्राणिविज्ञान विभाग, वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट में स्थित एनविस सेंटर के साथ मिलकर पद्मश्री उमाशंकर पांडे जल योद्धा कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। इसमें वन्य चैंपियन के रूप में प्रो. अमिता कनौजिया शामिल होंगे। कार्यक्रम गोमती तट पर शुक्रवार को प्रात : 9 बजे से आयोजित होगा।

प्रोफेसर रश्मि को मिला सेवा विस्तार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विवि की एमआईएच विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रश्मि रेखा को सेवा विस्तार मिला है। 15 दिसंबर तक ये विभागाध्यक्ष के दायित्वों का निर्वाहन कर रही थीं। ऐसे में विवि के कुलपति के दिशा-निर्देश पर कुल सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने आदेश दिया है। कहा गया है कि सेवा विस्तार में तीन वर्ष की अवधि, अथवा अधिवर्षता आयु प्राप्त तक, अथवा अन्य कोई आदेश होने तक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

एलयू छात्रों ने आईआईटीआर में शुरू की इंटर्नशिप

स्वतंत्र भारत संवाददाता। एमएससी रसायन विज्ञान और एमएससी फार्मास्युटिकल रसायन विज्ञान के सेमेस्टर तृतीय के 31 छात्रों के तीसरे बैच ने गुरूवार से सीएसआईआर भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर) में अपना इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम उनके सेमेस्टर तृतीय पाठ्यक्रम का हिस्सा है। इन सभी छात्रों को सीएसआईआर एकीकृत कौशल विकास पहल में शामिल किया गया है। जहां उन्हें विभिन्न व्यापक क्षेत्रों मुख्य रूप से इंस्ट्रुमेंटेशन और रासायनिक विश्लेषण पर कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त होगा। इस प्रशिक्षण में मानक तैयारी का प्रदर्शन, मास स्पेक्ट्रोमीटर, परमाणु प्रतिदीप्ति स्पेक्ट्रोस्कोपी, गैस क्रोमैटोग्राफी, यूवी दृश्यमान आदि जैसे विभिन्न उपकरणों का दौरा और प्रदर्शन शामिल होगा। वे बौद्धिक संपदा अधिकारों और दस्तावेज़ीकरण के महत्व और उपलब्ध गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों एवं अन्य बातों के बारे में भी सीखेंगे। आईआईटीआर में इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक की ओर से आईआईटीआर के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ.रवि राम द्वारा किया गया था। उन्होंने आईआईटीआर में कौशल विकास गतिविधियों और प्रशिक्षण सुविधाओं का अवलोकन प्रस्तुत किया। डॉ. रचना कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रतिभागियों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ.अखिलेश कुमार यादव, वैज्ञानिक आईआईटीआर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया। लविवि के रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो.अनिल मिश्रा ने इस तरह के प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया और छात्रों से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने को कहा। उन्होंने इंटर्नशिप आयोजित करने में सहयोग के लिए निदेशक आईआईटीआर को भी धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन रसायन विज्ञान विभाग की ओर से डॉ.ओम प्रकाश ने किया।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

प्रो. शीला मिश्रा बनी डीन साइंस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग की प्रो. शीला मिश्रा को डीन साइंस नियुक्त किया गया है। इस सम्बन्ध में गुरुवार को कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार डीन नियुक्त होने के बाद तीन वर्ष तक या अधिवर्षता आयु पूर्ण होने तक अथवा अन्य कोई आदेश तक जो भी पहले घटित हो, तक के लिए स्वीकृति दी गयी है। डीन का पदभार ग्रहण करने के बाद प्रो. शीला मिश्रा कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मुलाकात की। कुलपति ने उन्हें पदभार ग्रहण करने की बधाई दी। उन्होंने बताया कि विभाग में चल रहे कार्यों को गति दी जावेगी। साथ ही प्रधानमंत्री के 2047 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कुलपति प्रो. आलोक राय ने परिकल्पना की है, उसे पूरा करने में युवाओं में कौशल विकास को विश्व स्तर तक लाया जायेगा, जिससे उनका चरित्र एवं व्यक्तित्व विकास होगा और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।

लविवि में 25 से 5 तक रहेगा अवकाश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय में 25 दिसम्बर से 5 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। इस अवधि के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में लिखित, मौखिक, प्रायोगिक परीक्षायें तथा अन्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यथावत होंगे। इस सम्बन्ध में कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है।

LOKSATYA PAGE 3

आईआईटीआर में इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू, यह पाठ्यक्रम का हिस्सा है

लखनऊ, लोकसत्य

एमएससी रसायन विज्ञान और एम.एससी. फार्मास्युटिकल रसायन विज्ञान के सेमेस्टर तृतीय के इकतीस छात्रों के तीसरे बैच ने 14 दिसंबर से सीएसआईआर - भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर) में अपना इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम उनके सेमेस्टर III पाठ्यक्रम का हिस्सा है। इन सभी छात्रों को सीएसआईआर एकीकृत कौशल विकास पहल में शामिल किया गया है जहां उन्हें विभिन्न व्यापक क्षेत्रों मुख्य रूप से इंस्ट्रुमेंटेशन और रासायनिक विश्लेषण पर कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त होगा। इस प्रशिक्षण में मानक तैयारी का प्रदर्शन, मास स्पेक्ट्रोमीटर, परमाणु प्रतिदीप्ति स्पेक्ट्रोस्कोपी, गैस क्रोमैटोग्राफी, यूवी दृश्यमान आदि जैसे विभिन्न उपकरणों का दौरा और प्रदर्शन शामिल होगा। वे बौद्धिक संपदा अधिकारों और दस्तावेजीकरण के महत्व और उपलब्ध गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों एवं अन्य बातों के बारे में भी सीखेंगे। आईआईटीआर में इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्घाटन को निदेशक की ओर से आईआईटीआर के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. रवि राम द्वारा किया गया था। उन्होंने आईआईटीआर में कौशल विकास गतिविधियों और प्रशिक्षण सुविधाओं का अवलोकन प्रस्तुत किया। डॉ. रचना कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रतिभागियों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. अखिलेश कुमार यादव, वैज्ञानिक आईआईटीआर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने इस तरह के प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया।